# University in News on 21 October 2021

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# बीए व बीएससी दाखिले के अंतिम चरण में दिखा विद्यार्थियों का जोश

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में बुधवार से बीए और बीएससी (चार वर्षीय) पाठ्यक्रमों के लिए फिजिकल काउंसिलिंग की शुरुआत हुई। दाखिले की अंतिम प्रक्रिया को पूरा करने के लिए छात्रों में गजब का उत्साह देखने को मिला।

बीए की काउंसिलिंग पुराने कैंपस के अटल ब्लॉक में सुबह 11 बजे से शुरू हुई। पहले दिन जिन छात्रों का नाम अंग्रेजी अक्षर ए से शुरू होता है उनको बुलाया गया था। वहीं, बीएससी मैथ्स की काउंसिलिंग विज्ञान संकाय में सुबह 11 बजे से शुरू हुई। पहले दिन जिन छात्रों का नाम 'ए' से 'के' तक से शुरू होता उनको बुलाया गया था। छात्रों ने अपना डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन कराया और दाखिले की अंतिम प्रक्रिया को पूरी की। छात्रों को मूल प्रमाणपत्रों के साथ अलॉटमेंट लेटर, फीस रसीद लेकर आना अनिवार्य था।



लखनऊ विवि में बुधवार को अंतिम चरण की काउंसिलिंग में हिस्सा लेते छात्र। - संवाद

प्रवेश की अंतिम प्रक्रिया पूरी करने के बाद छात्रों के चेहरे खिलखिला उठे। अब उन्हें स्कूल के बाद विवि की पहली कक्षा को अटेंड करने का बेसब्री से इंतजार है। 21 अक्तूबर को बीए के लिए उन छात्रों को बुलाया गया है, जिनके नाम 'ए' से 'जी' तक से शुरू होते हैं। वहीं, बीएससी मैथ्स के लिए उन छात्रों को बुलाया गया है, जिनके नाम अंग्रेजी अक्षर 'एल' से 'जेड' तक से शुरू होते हैं। बीएससी मैथ्स की काउंसिलिंग बृहस्पतिवार को समाप्त हो जाएगी। शुक्रवार से बीएससी बायो के लिए फिजिकल काउंसिलिंग शुरू होगी।

### बीए और बीएससी का दूसरा अलॉटमेंट परिणाम आज

लखनऊ। लविवि ने स्नातक में प्रवेश के लिए चल रही ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया के तहत तीन विषयों के दूसरे अलॉटमेंट और अपग्रेडेशन का परिणाम तैयार कर लिया है। छात्रों को परिणाम 21 अक्तूबर को शाम पांच बजे से उपलब्ध रहेगा। छात्रों को निर्देश दिया गया है कि वे लविवि की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिशन पेज पर दिए गए दिशा-निर्देशों को ध्यान से पढ़ लें। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि बीए, बीएससी मैथ्स और बीएससी बायोलॉजी विषयों का दूसरा अलॉटमेंट और अपग्रेडेशन परिणाम छात्रों को उपलब्ध होगा। विद्यार्थियों को अपनी लॉगइन आईडी से अलॉटमेंट लेटर डाउनलोड करना होगा। इसके बाद सीट पक्की करने के लिए 21 से 23 अक्तूबर तक फीस जमा करानी होगी।

### पीजी के 10 से अधिक पाठ्यक्रमों में चॉइस फिलिंग कल तक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में पीजी की बॉटनी, प्लांट साइंस, माइक्रोबायलॉजी, फिजिक्स व रिन्यूवेबल एनर्जी, केमिस्ट्री व फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री, सोशियोलॉजी, कॉमर्स, एमवीए व एमएफए और एमजेएमसी पाठ्यक्रमों के लिए चल रही ऑनलाइन काउंसलिंग के तहत चॉइस फीलिंग की अंतिम तिथि 22 अक्तूबर निर्धारित की गई है। चॉइस फिलिंग के वे सभी छात्र आमंत्रित हैं, जिनका नाम और रैंक ओवरऑल प्रोविजनल मेरिट लिस्ट में शामिल हैं। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि छात्रों को अपनी लॉगइन आईडी का प्रयोग कर कॉलेज, विवि और विषयों की चॉइस फिलिंग अपनी प्राथमिकता के आधार पर करनी होगी। इसके लिए छात्रों को पहले ऑनलाइन 200 रुपये शुल्क भी जमा करना होगा। उन्होंने बताया कि छात्र पहले लविवि की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर दिए गए दिशा-निर्देशों को अच्छे से पढ़ लें। (माई सिटी रिपोर्टर)

## HINDUSTAN PAGE 7

# 12 पीजी विषयों में च्वाइस फिलिंग शुरू

लखनऊ विश्वविद्यालय के पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के अंतर्गत 12 विषयों में च्वाइस फिलिंग शुरू हो गई है। च्वाइस फिलिंग की अंतिम तिथि 22 अक्तूबर है। जिन पाठ्यक्रमों की ऑनलाइन च्वाइस फिलिंग चल रही है, उनमें बॉटनी, प्लांट साइंस, फिजिक्स, रीन्यूएबल एनर्जी, केमिस्ट्री, फार्मासिटिकल केमिस्ट्री, कॉमर्स, एमवीए/एमएफए, एमजेएमसी, माइक्रोबायोलॉजी आदि शामिल हैं। काउंसलिंग के अंतर्गत च्वाइस फिलिंग उन सभी अभ्यर्थियों को करनी है जिनका नाम और रैंक ओवरआल (प्रोविजनल) मेरिट लिस्ट में शामिल है। च्वाइस फिलिंग के लिए अभ्यर्थी को 200 रुपए ऑनलाइन जमा करने होंगे।

## JAGRAN CITY PAGE I

# बीए, बीएससी के दूसरे आवंटन के नतीजे आज

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत शुरू किए गए चार वर्षीय बीए, बीएससी बायोलाजी और बीएससी मैथ्स में प्रवेश के लिए दूसरे आवंटन और अपग्रेडेशन के नतीजे तैयार कर दिए हैं। गुरुवार शाम पांच बजे के बाद अभ्यर्थी अपनी लागइन पर देख सकेंगे।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थी अपनी लागइन आइडी (जो फार्म भरने के समय से उसे मिला है) का प्रयोग करके अपना एलाटमेंट लेटर डाउनलोड कर लें। साथ ही, आनलाइन सीट कन्फर्मेशन फीस 21 से 23 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से जमा कर दें। विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर अभ्यर्थी इसके निर्देश भी देख सकते हैं।

### 14 अक्टूबर तक था मौका

पहले आवंटन में च्वाइस फिलिंग के नतीजे जारी कर 14 तक सीट कन्फर्मेशन का मौका दिया गया था। यह भी निर्देश दिए गए थे कि यदि अभ्यर्थी अपग्रेडेशन चाहता है तो सीट कन्फर्म कर फीस जमा करने के साथ ही अपग्रेड का चयन कर लें। अब गुरुवार को दूसरे आवंटन व अपग्रेडेशन के नतीजे जारी किए जाएंगे।

### पीजी के सात विषयों में च्वाइस फिलिंग शुरू

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक के सात पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए च्वाइस फिलिंग शुरू हो गई है। इनमें बाटनी/प्लांट साइंस, माइक्रोबायोलाजी, फिजिक्स/रिन्यूएबल एनर्जी, केमेस्ट्री/फार्मास्यूटिकल केमेस्ट्री, सोशियोलाजी, कामर्स, एमवीए/एमएफए और एमजेएमसी शामिल हैं। अभ्यर्थी 22 अक्टूबर तक आनलाइन च्वाइस फिलिंग कर सकते हैं।

प्रवक्ता डा. दुर्गेश ने बताया कि काउंसिलिंग के अंतर्गत च्वाइस फिलिंग उन सभी अभ्यर्थियों को करनी है, जिनका नाम और रैंक ओवरआल (प्रोविजनल) मेरिट लिस्ट में है। अभ्यर्थी को 200 रुपये आनलाइन जमा करना होगा। अभ्यर्थियों को लागइन आइडी के माध्यम से कालेज अथवा विवि एवं विषय की च्वाइस फिलिंग प्राथमिकता के आधार पर करनी होगी।

## PIONEER PAGE 3

# एलयू पीजी के सात कोर्सेज में एडमिशन के लिए शुरू हुई च्वाइस फिलिंग

लखनऊ। लविवि के पीजी कोर्सेज में एडमिशन के अंतर्गत 12 विषयों में च्वाइस फिलिंग शुरू हो गई है। च्वाइस फिलिंग की अंतिम तिथि 22 अक्टूबर है। जिन कोर्सेज की ऑनलाइन च्वाइस फिलिंग चल रही है, उनमें बॉटनी, प्लांट साइंस, माइक्रोबायोलॉजी, फिजिक्स, रीन्यूएबल एनर्जी, केमिस्ट्री, फार्मासिटिकल केमिस्ट्री, सोशियोलॉजी, कॉमर्स, एमवीए-एमएफएए, एमजेएमसी शामिल हैं। काउन्सलिंग के अंतर्गत च्वाइस फिलिंग उन सभी कैंडीडेंट्स को करनी हैं जिनका नाम और रैंक ओवरआल प्रोविजनल मेरिट लिस्ट में शामिल है। च्वाइस फिलिंग के लिए अभ्यर्थी को 200 रुपए ऑनलाइन जमा करने होंगे।

## i-NEXT PAGE IV

# शुरू हुई च्वाइस फिलिंग

लखनऊ यूनिवर्सिटी के पीजी कोर्सेज में एडमिशन के लिए 12 विषयों में च्वाइस फिलिंग शुरू हो गई है, जिसकी लास्ट डेट 22 अक्टूबर है. जिन कोर्सेज की ऑनलाइन च्वाइस फिलिंग चल रही है, उनमें बॉटनी, प्लांट साइंस, माइक्रोबायोलॉजी, फिजिक्स, रीन्यूएबल एनर्जी, केमिस्ट्री, फार्मासिटिकल केमिस्ट्री, सोशियोलॉजी, कॉमर्स, एमवीए-एमएफएए, एमजेएमसी शामिल हैं. काउंसिलिंग के अंतर्गत च्वाइस फिलिंग उन सभी कैंडीडेंट्स को करनी हैं जिनका नाम और रैंक ओवरआल प्रोविजनल मेरिट लिस्ट में शामिल है. च्वाइस फिलिंग के लिए कैंडीडेंट्स को 200 रुपए ऑनलाइन जमा करने होंगे.

# शास्त्रीय ऑनलाइन सम्मेलन 22 से

अंतः लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में स्थापित हैप्पी थिंकिंग लैब और एरा विश्वविद्यालय आइसीएमएस के हैप्पीनेस विभाग की ओर से आनलाइन अंतरराष्ट्रीय अंतः शास्त्रीय सम्मेलन 22 व 23 को होगा. कार्यक्रम की संयोजक प्रो. मधुरिमा प्रधान ने बताया कि इसमें थाईलैंड, मलेशिया, अमेरिका व फ्रांस आदि से 400 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे.

## RASHTRIYA SAHARA PAGE 5

# लविवि में पीजी पाठ्यक्रमों की च्वाइस फिलिंग शुरू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 12 विषयों में च्वाइस फिलिंग शुरू हो गयी है। च्वाइस फिलिंग की अंतिम तिथि 22 अक्टूवर निर्धारित की गयी है। इसके तहत जिन पाठ्यक्रमों की ऑनलाइन फिलिंग चल रही है उनमें प्लांट साइंस, वॉयनी, माइक्रोवायोलॉजी, फिजिक्स, रीन्यूएवल एनर्जी, केमिस्ट्री, फार्मासिटिकल केमिस्ट्री, सोशियोलॉजी, कॉमर्स, एवीए/एमएफए, एमजेएमसी शामिल हैं। काउंसिलिंग के अन्तर्गत च्वाइस फिलिंग उन सभी अभ्यर्थियों को करनी है जिनका नाम और रैंक ओवरआल मेरिट लिस्ट में शामिल हैं।

**आज जारी होंगे दूसरे चरण के एलाटमेंट** : लखनऊ विश्वविद्यालय की सत्र 2021-22 की स्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों की प्रवेश के अंतर्गत ऑनलाइन काउंसिल के अंतर्गत हुई द्वितीय एलाटमेंट एवं अपग्रेडेशन के रिजल्ट अभ्यर्थी के लागइन पर वृहस्पतिवार को दोपहर 12 वजे के वाद उपलब्ध होंगे। चार वर्षीय वीए, वीएससी (मैथ्स) व वीएससी (वायोलॉजी) के अभ्यर्थी अपनी लागइन आई डी (जो फार्म भरने के समय से उसे प्राप्त है) का प्रयोग करके अपना एलाटमेंट लेटर डाउनलोड कर लें एवं आनलाइन सीट कन्फर्मेशन फीस दिनांक 21 अक्टूवर से 23 अक्टवर तक अवश्य जमा कर दें। अभ्यर्थी लविवि की वेवसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर सम्वन्धित निर्देश अवश्य पढ़ लें।

## AMRIT VICHAR PAGE 3

# पीजी में विषयों के विकल्प भरने की प्रक्रिया शुरू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 12 विषयों में विकल्प भरने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। वहीं फीस जमा करने के लिए छात्रों के पास दो दिनों का मौका है। प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि जिन पाठ्यक्रमों की ऑनलाइन च्वाइस फिलिंग चल रही है, उनमें बॉटनी, प्लांट साइंस, माइक्रोबायोलॉजी, फिजिक्स, रीन्यूएबल एनर्जी, केमिस्ट्री, फार्मासिटिकल केमिस्ट्री, सोशियोलॉजी, कॉमर्स, एमवीए/एमएफए, एमजेएमसी शामिल हैं। चयन करते समय अभ्यर्थी को 200 रुपए ऑनलाइन जमा करने होंगे।

## SWATANTRA BHARAT PAGE 4

# 12 विषयों में च्वाइस फिलिंग शुरू

स्वतंत्रभारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के अंतर्गत 12 विषयों में च्वाइस फिलिंग शुरू हो गई है। च्वाइस फिलिंग की अंतिम तिथि 22 अक्टूबर है। जिन पाठ्यक्रमों की ऑनलाइन च्वाइस फिलिंग चल रही है, उनमें बॉटनी, प्लांट साइंस, माइक्रोबायोलॉजी, फिजिक्स, रीन्यूएबल एनर्जी, केमिस्ट्री, फार्मासिटिकल केमिस्ट्री, सोशियोलॉजी, कॉमर्स, एमवीए/एमएफए, एमजेएमसी शामिल हैं। काउन्सलिंग के अंतर्गत च्वाइस फिलिंग उन सभी अभ्यर्थियों को करनी हैं जिनका नाम और रैंक ओवरआल (प्रोविजनल) मेरिट लिस्ट में शामिल है। च्वाइस फिलिंग के लिए अभ्यर्थी को 200 रुपए ऑनलाइन जमा करने होंगे। च्वाइस फिलिंग के लिए अभ्यर्थी को अपनी लॉग-इन आईडी से कॉलेज/विश्वविद्यालय और विषय की च्वाइस फिलिंग प्राथमिकता के आधार पर करनी है।